# बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड

An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company

बिहार सरकार का एक उपक्रम

वेबसाइटः www.bsbccl.bih.nic.in

# BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.

An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company

A Government of Bihar Undertaking

Website: www.bsbccl.bih.nic.in

BSBCCL

Build Green, Live Green!

CIN:U45200BR2008SGC013513


पत्रांक : बी0एस0बी0सी0सी0एल0–100/2016–परामर्शी सेवा    दिनांक :   /12/2016

प्रेषक,

**अमृत लाल मीणा,**
प्रबंध निदेशक,

सेवा में,

**उप महाप्रबंधक**
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0,
परियोजना कार्यान्वयन इकाई,
दरभंगा।

**विषयः—माह नवम्बर, 2016 तक की समीक्षात्मक टिप्पणी।**

प्रसंगः— निगम का पत्रांक—2608 दिनांक—07.10.2016

महाशय,

माह नवम्बर, 2016 तक परियोजना कार्यान्वयन इकाई दरभंगा के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष में पूर्ण/कार्यान्वित योजनाओं की निगम स्तर पर समीक्षा की गयी। समीक्षात्मक टिप्पणी निम्नवत् है।

**2. भौतिक प्रगति**

**(i) वर्किंग स्टैण्डर्ड माप—तौल प्रयोगशाला का निर्माण कार्य (योजनाओं की संख्या —01)**

इस योजना के अन्तर्गत 01 अदद प्रयोगशाला दरभंगा में स्थापित करना था। कार्य पूर्ण हो चुका है।

**(ii) एम0एस0डी0पी0 के अन्तर्गत छात्रावास का निर्माण कार्य (योजनाओं की संख्या —02)**

इस योजना के अन्तर्गत 50 शैय्या वाले 01 अदद छात्रावास मधुबनी में तथा ताजपुर हाई स्कूल के निकट 01 अदद 50 शैय्या वाले बालिका छात्रावास का निर्माण किया जाना था। कार्य प्रगति पर है।

**(iii) उप समाहर्ता कार्यालय में न्यायालय कक्ष निर्माण का कार्य (योजनाओं की संख्या —03)**

इस योजना के अन्तर्गत उप समाहर्ता कार्यालय समस्तीपुर, दलसिंहसराय एवं रोसड़ा में उप समाहर्ता के कार्यालय कक्ष के निर्माण कार्य की तीनों योजनाएँ पूर्ण की जा चुकी है।

**(iv) प्रेस क्लब का निर्माण कार्य (योजनाओं की संख्या —03)**

इस योजना के अन्तर्गत प्रेस क्लब दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर का निर्माण कार्य किया जाना था। प्रेस क्लब समस्तीपुर का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। प्रेस क्लब मधुबनी का 90% तथा प्रेस क्लब दरभंगा की प्रगति 35% प्रतिवेदित किया गया है।

**(v) PEB गोदाम निर्माण का कार्य (योजनाओं की संख्या —03)**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 03 अदद PEB गोदाम (दलसिंहसराय, समस्तीपुर एवं घोघरडीहा) का निर्माण कार्य किया जाना था। अब तक दलसिंहसराय एवं घोघरडीहा में क्रमशः 80% एवं 90% तथा समस्तीपुर में 10% प्रगति प्रतिवेदित किया गया है।

**(vi) पशु चिकित्सालय का निर्माण कार्य (योजनाओं की संख्या —10)**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 10 अदद पशु चिकित्सालय का निर्माण कार्य किया जाना था। सभी योजनाएँ पूर्ण हो चुकी है।

**(vii) समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उत्क्रमण का कार्य (योजनाओं की संख्या —10)**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 10 योजनाओं को पूर्ण किया गया है।

**3. वित्तीय प्रगति**

परियोजना कार्यान्वयन इकाई दरभंगा के अधीन चालू वित्तीय वर्ष में कुल 32 अदद योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जा रहा है। इन योजनाओं की समेकित एकरारित राशि ₹5164.81 लाख है। इसके विरूद्ध ₹3724.89 लाख का अब तक भुगतान किया गया है। इस प्रकार आपकी वित्तीय उपलब्धि 72% है।

4. पी0एम0आई0एस0 एवं प्रबंधन

सभी डाटा अद्यतन पाया गया।

5. मासिक लेख :

मासिक लेखा माह अक्टूबर, 2016 तक का निगम मुख्यालय को प्राप्त है।

6. गुण नियंत्रण :

गुण नियंत्रण का प्रतिवेदन पी0एम0आई0एस0 एवं प्रबंधन पर आपके द्वारा अपलोड किया गया है।

7. निदेशः

योजनाओ की प्रगति में तेजी लाकर सभी चालू योजनाओं को मार्च, 2017 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस कार्य में अगर निगम मुख्यालय स्तर से कोई सहयोग की आवश्यकता हो तो शीघ्र सूचित करें।

8. स्पष्टीकरणः

माह सितम्बर, 2016 के मासिक समीक्षात्मक टिप्पणी में आपको पूर्ण योजनाओं का अन्तिम विपत्र, वैसी योजनाएँ जिसके लिये स्थल उपलब्ध नहीं है उसके लिये रद्द करने का प्रस्ताव तथा चालू योजना के अवशेष कार्यों का टाईम लाइन तैयार कर मांगी गयी थी। आपके द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। वैसे कार्य जिनका अन्तिम विपत्र तैयार किया जा चुका है उसका नाम तथा लगत राशि की एक प्रति शीघ्र भेजा जाये।

कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के आधार पर आपका कार्य कलाप संतोषजनक कहा जा सकता है। माह सितम्बर, 2016 के समीक्षात्मक टिप्पणी में दिये गये निदेशों का शतप्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन

11.12.16

(अमृत लाल मीणा)

ज्ञापांकः– 3124 दिनांकः– 13/12/2016

प्रतिलिपि : मुख्य महाप्रबंधक, सभी महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक, दरभंगा, परियोजना प्रबंधक, आई0टी0 मैनेजर, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। महाप्रबंधक (उत्तर) अनुपालन प्रतिवेदन तैयार कराना सुनिश्चित करें।

13/12/2016

महाप्रबंधक (परामर्शी सेवा)